# सूने मकान के ताले तोड़ लाखों रुपये के जेवर व नगदी चोरी

## चोरी की वारदात वहां लगे सी.सी.टी.वी. कैमरें में कैद हो गई


चोरी की घटना सी.सी.टी.वी. में कैद हो गई।

■ दोपहर में बीस मिनट में दो युवकों ने वारदात को अंजाम दिया

**अजमेर,** (कासं)। क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र स्थित एक सूने मकान में शहर में सक्रिय शातिर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला। यह वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरें में कैद हो गई। चोर ताले तोड़कर अन्दर घुसे और यहां से दो लाख नकद, चार लाख के सोने-चांदी जेवरात चुरा कर ले गए। दोपहर के समय बीस मिनट में दो युवकों ने वारदात अंजाम दी। पीड़ित जयपुर ट्रेजरी में एलडीसी के पद पर कार्यरत है। क्रिश्चयनगंज थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

वीर उद्यान के पीछे, वैशालीनगर अजमेर निवासी विशाल कालानी पुत्र दीपक कालानी ने रिपोर्ट देकर बताया कि वह जयपुर जिले में निदेशालय कोष एवं लेखा जयपुर में कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत है। वर्तमान में सोडाला स्थित किराए से मकान में रहता है। वह 18 फरवरी को अजमेर आया और 19 फरवरी को मकान के ताले लगाकर चला गया। 23 फरवरी को रात आठ बजे जब सीसीटीवी फुटेज देखे तो मकान का गेट खुला पाया। इसके बाद पड़ोसी को सूचना दी। पड़ोसी ने जब जाकर देखा तो मकान के ताले टूटे थे। सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। इसके बाद वह अजमेर आया। यहां घर के अंदर का सामान जांचा तो पाया कि दो लाख नकद सहित विभिन्न तरह के सोने के गहने, 6 अंगुठियां, ब्रेसलेट, सेट, सोने की चैन एंव अन्य सामान लगभग ढाई लाख रुपए एवं चांदी के सिक्के एवं अन्य आभूषण लगभग डेढ़ लाख रूपए गायब मिले। घर की सारी अलमारियां के लोकर क्षतिग्रस्त मिले।

सीसीटीवी में 23 फरवरी को दोपहर 1.08 बजे दो युवक अन्दर जाते हुए दिख रहे हैं। दोपहर 1.28 बजे औजार के साथ वापस बाहर निकलते हुए दिख रहे हैं। रिपोर्ट में बताया कि पड़ोस में एक लड़का, जो कि घर के पास किराए से रहता है, उस पर शक है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एएसआई मोईनुदीन को सौंपी है।

# आत्महत्या मामले में दोषियों की गिरफ्तारी की मांग

## रूपनगढ़ के ग्रामीणों ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन


आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

■ परिजन को दस लाख का मुजावजा व सरकारी नौकरी देने की मांग

**अजमेर,** (कासं)। जिले के रूपनगढ़ उपखंड में विगत दिनों एक नवंबर को ओमप्रकाश रैगर द्वारा की गई आत्महत्या के मामले को लेकर शनिवार को बीएसपी पार्टी के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर परिजन ने दोषियों की गिरफ्तारी सहित परिजन को दस लाख रुपए का मुआवज देने तथा सरकारी नौकरी देने की मांग की।

बहुजन समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया कि एक नवंबर 2022 को रुपनगढ़ निवासी ओमप्रकाश रेगर ने आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या मामले को लेकर ही शनिवार को दोषियों की गिरफ्तारी सहित परिजन को दस लाख रुपए आर्थिक सहायता व सरकारी नौकरी देने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर अंशदीप को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश व परिजनों ने बताया कि मृतक ओमप्रकाश को आरोपियों ने परेशान कर रखा था जिसके चलते आत्महत्या जैसा कदम उठाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक ओमप्रकाश के जाने से परिवार पर आर्थिक संकट आ गया है। परिजन ने कलेक्टर से गुहार लगाई कि दोषी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए तथा आर्थिक सहायता व परिजन को सरकारी नौकरी दिलवाने के लिए समाजिक संगठनों ने भी धरना-प्रदर्शन और ज्ञापन देकर राज्य सरकार से मांग भी की थी जिस पर आज दिन तक न तो कोई दोषियों के खिलाफ कार्यवाही हुई और न ही सहायता राशि मिली।

उन्होंने बताया कि परिवार का पालन करने वाला ओमप्रकाश घर में एकमात्र व्यक्ति था, ऐसे में परिवार पर आर्थिक संकट आ गया है, जिसके चलते गुजर बसर करना मुश्किल हो रहा है। परिजन ने कलेक्टर अंशदीप से जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी, व आर्थिक मदद की मांग की।

# वृद्ध महिला से मारपीट, अस्पताल में भर्ती कराया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के महात्मा गांधी चिकित्सालय में उस उक्त हंगामा खड़ा हो गया जब एक 67 साल की महिला को गंभीर हालत में हॉस्पिटल लाया गया। आरोप है कि पीड़िता की नाबालिग बेटी को अगवा कर रखा है। शनिवार को पुलिस में रिपोर्ट देने से नाराज आरोपी ने अपने साथियों के साथ पीड़िता के घर में घुसकर उससे मारपीट की। जिसके बाद उसे हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है।

सीओ सीटी नरेंद्र दायमा ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला पर सिकंदर नाम के युवक और उसके साथियों ने घर में घुसकर हमला किया है। महिला इस हमले में घायल हो गई। जिसे हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है और तलाश की जा रही है। सीओ सीटी दायमा ने बताया कि आरोपी सिकंदर पीड़िता की नाबालिग बेटी को पहले भी भगा कर ले गया है। इस दौरान पुलिस नाबालिग को दस्तयाब कर सखी सेंटर में रखा था। यहां से नाबालिग की काउंसलिंग करने के बाद उसे उसकी मां के साथ भेज दिया गया था, लेकिन उसके बाद आरोपी फिर से नाबालिग को भगा कर ले गया। पीड़िता ने इसकी भी कोतवाली में शिकायत की थी। इसी से नाराज सिकंदर ने पीड़िता पर हमला कर दिया था। घटना के बाद हिंदू संगठनों से जुडे लोग भी हॉस्पिटल पहुंच गए और विरोध जताने लगे। पुलिस पर कार्रवाई में देरी करने और पीड़ित पक्ष की शिकायत को नहीं सुनने का आरोप लगाते हुए आक्रोश जताया। सूचना मिलने के बाद सीओ सीटी दायमा के साथ ही कोतवाल सुरेश चौधरी, प्रताप नगर थाना प्रभारी राजेंद्र गोदारा व भीमगंज थाना प्रभारी आशुतोष पुलिस जाप्ते के साथ हॉस्पिटल पहुंचे और मामले को शांत करवाया।

## अंग्रेजी शराब से भरी कार पकड़ी

**डूंगरपुर,** (निसं)। धम्बोला थाना पुलिस ने अंग्रेजी शराब से भरी कार को जब्त कर उसमे भारी मात्रा में विभिन्न किस्म की अंग्रेजी शराब सहित कार को बरामद कर लिया है। जब कि कार चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग छूटा।

धम्बोला थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस की गठित टीम ने पीठ दरियाटी बायपास पर एक कार को आता देख पुलिस ने रूकवाने का प्रयास किया गया तो कार चालक द्वारा कार को नहीं रोका गया तो पुलिस ने उसका पीछा करते हुए सरथुना रोड पर स्थित बालिका छात्रावास से आगे उक्त कार को ओवरटेक की रूकवाया तो कार चालक मौके से फरार हो गया जिसका पीछा भी किया किंतु कार चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग छूटा। जब कार की पुलिस ने तलाशी ली तो उसमे अग्रेंजी शराब मिली। अंग्रेजी शराब, कार मोबाईल व नम्बर प्लेटों को जब्त किया गया।

# रिमांड पर चल रहे आरोपी के घर से अफीम बरामद

**हनुमानगढ़,** (निसं)। गांव रासूवाला स्थित एक रिहायशी मकान से संगरिया पुलिस ने 90 ग्राम अफीम बरामद की है। एनडीपीएस एक्ट के मामले में 3 दिन पहले गिरफ्तार आरोपी ने मुकलावा पुलिस की रिमांड में पूछताछ के दौरान घर में अफीम होने की बात कही थी, जिसके बाद मुकलावा पुलिस आरोपी को संगरिया लेकर आई थी। आरोपी के घर से अफीम बरामद होने पर संगरिया पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर मामले की जांच करेगी।

संगरिया थाना के प्रभारी सुभाष चन्द कच्छावा ने बताया कि मुकलावा थाना प्रभारी एसआई प्रहलाद चंद्र ने सूचना दी कि विजयनगर थाना में 22 फरवरी को एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ है। मामले में हिरासत में चल रहे आरोपी जगदीप सिंह (26) पुत्र जगसीर सिंह निवासी रासुवाला थाना संगरिया ने बताया कि उसने कुछ अफीम अपने घर में छुपा रखी है। इस सूचना के बाद वह पुलिस टीम लेकर रासुवाला गांव पहुंचे। इस दौरान मुकलावा पुलिस भी आरोपी जगदीप सिंह को लेकर रासुवाला गांव पहुंची। पुलिस टीम ने जगदीप सिंह की निशानदेही पर उसके घर में छत पर बने कमरे में डबल बेड से 90 ग्राम अफीम बरामद की है।

थानाधिकारी ने बताया कि संगरिया पुलिस ने अफीम जब्त कर जगदीप सिंह के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद मुकलावा पुलिस आरोपी जगदीप सिंह को अपने साथ ले गई। मुकलावा पुलिस की ओर से आरोपी जगदीप सिंह को जेल भिजवाए जाने के बाद प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर जांच की जाएगी। मामले की जांच हनुमानगढ़ जंक्शन पुलिस थाना के एसआई मांगूराम को सौंपी गई है।

## पिकअप चोरी

**भीलवाड़ा,** (निसं)। ज़िले के रायपुर थाना क्षेत्र के कोशीथल गांव में दुकान के बाहर खड़ी पिकअप को आधी रात को चोर चुरा ले गए। चोरी की यह वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। रायपुर पुलिस ने बताया कि कोशिथल निवासी जगदीशचन्द्र पुत्र जयचन्द तेली ने थाने में रिपोर्ट दी की उसकी महिंद्रा पिकअप रोजाना की तरह अपनी दुकान के बाहर खड़ी कर रात्रि को घर जाकर सो गया था। गाड़ी की चाबी उसके पास ही थी।

# खाईवाली करते दो गिरफ्तार

**हनुमानगढ़,** (कासं)। यहां की टिब्बी थाना पुलिस ने सूरेवाला गांव के चक 13 सीडीआर में सट्टा की ऑनलाइन खाईवाली करते 2 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 2 लाख रुपए, एक लैपटॉप, 5 मोबाइल सहित अन्य सामान और लाखों का हिसाब-किताब जब्त किया है।

टिब्बी थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में गश्त कर रही पुलिस टीम को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि गांव सूरेवाला के चक 13 सीडीआर में 2 लोग सट्टा की ऑन लाइन खाईवाली कर रहे हैं। इस पर पुलिस टीम ने दबिश देकर कुलविन्द्र सिंह पुत्र सिंगारासिंह रायसिख निवासी 13 सीडीआर सूरेवाला और जसवन्त सिंह (35) पुत्र लक्ष्मण सिंह रायसिख निवासी 11 सीडीआर नाईवाला को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 2 लाख रुपए, एक लैपटॉप, 5 मोबाइल, 3 रजिस्टर, 2 कैल्कुलेटर जब्त किया है।

# अनूपगढ़ के ग्रामीणों धरना चौथे दिन भी जारी रहा

**अनूपगढ़,** (कासं)। ग्राम पंचायत 20 एल.एम. के गांव 3 एनएम ढाबा में पेयजल व्यवस्था सही नहीं होने के कारण ग्रामीणों ने धरना लगाया और शनिवार को धरना चौथे दिन भी जारी है। प्रशासन के द्वारा सुनवाई नहीं किए जाने पर ग्रामीणों ने आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया है।

ग्रामीण राधेश्याम ने बताया कि अगर प्रशासन के द्वारा रविवार तक समस्या का समाधान नहीं किया जाता है तो सभी ग्रामीण धरना स्थल पर ही अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करेंगे। उन्होंने बताया कि काफी समय से गांव में पेयजल की किल्लत है पेयजल किल्लत के चलते ग्रामीणों को पानी के टैंकरों से पेयजल की आपूर्ति करानी पड़ती है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है मगर प्रशासन के द्वारा ग्रामीणों की समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्रशासन के द्वारा अनदेखी किए जाने के कारण ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने बताया कि जलदाय विभाग के अधिकारियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर उन्हें आश्वासन दिया था कि राहत कार्य शुरू करवा दिए जायेंगे और जर्जर डिग्गी का निर्माण कार्य भी शुरू करवा दिया जायेगा। मगर प्रशासन के द्वारा दिया गया आश्वासन महज आश्वासन बनकर ही रह गया है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन के द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाद भी राहत कार्य शुरू नहीं हुआ। इसलिए आज ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि अगर रविवार तक प्रशासन के द्वारा कोई राहत कार्य शुरू नहीं करवाया गया तो सोमवार से सभी ग्रामीण धरना स्थल पर ही अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करेंगे।

## आग से फैक्ट्री में कपड़ा जला

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र के रीको एरिया में स्थित एक कपड़ा फैक्ट्री में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग से फैक्ट्री में रखा लाखों रुपए का कपड़ा जलकर राख हो गया। आग की सूचना पर फायर ब्रिगेड और पुलिस मौके पर पहुंची। फायर बिग्रेड ने करीब डेढ़ घंटे की मशक़्क़त के बाद आग पर काबू पाया। थाना प्रभारी राजेंद्र गोदारा ने बताया कि बीती रात करीब 9 बजे रीको क्षेत्र में एसबीआई बैंक के पास स्थित श्रीजी कपडा फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली। आग लगने का कारण फैक्ट्री में शार्ट सर्किट माना जा रहा है। रात होने की वजह से आग की लपटें दूर तक नजर आ रही थी।

# अवैध गैस रिफ्लिंग पर कार्रवाई

## कई सारे गैस सिलेण्डर के साथ तीन लोग गिरफ्तार

**जोधपुर,** (कासं)। शहर में अवैध गैस कारोबार के चलते हुए कांड के बाद पुलिस की कार्रवाई कारोबारियों पर जारी है। महामंदिर और बासनी में पुलिस ने अलग अलग कार्रवाई को अंजाम देते हुए कई सारो सिलेण्डरों को जब्त किया है। बासनी थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध गैस रिफिलिंग पर कार्रवाई करते हुए 23 गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। वहीं एक ऑटो भी जब्त किया है। इसके साथ ही गैस रिफिलिंग में प्रयुक्त किए जाने वाले सामान और इलेक्ट्रॉनिक कांटे को भी जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान एसीपी चक्रवर्ती सिंह, बासनी थाना अधिकारी पाना चौधरी सहित जाब्ता मौजूद रहा।

**रसद विभाग को दी सूचना:-** इधर इस कार्रवाई की सूचना देने के बाद भी रसद विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची। ऐसे में रसद विभाग की कार्य प्रणाली को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। इससे पहले भी बासनी थाना पुलिस ने रात दो बजे अवैध गैस भरने पर कार्रवाई की थी। उस दौरान भी सूचना देने के 8 घंटे बाद भी रसद विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची थी। आज हुई कार्रवाई के दौरान भी रसद विभाग की टीम को सूचना दी गई लेकिन टीम मौके पर नहीं पहुंची। इसके बाद पुलिस सिलेंडर जब्त कर थाने ले आई।

**23 सिलेण्डर्स को जब्त किया गया, दो अरेस्ट :-** एसीपी चक्रवर्ती सिंह ने बताया बासनी थाना क्षेत्र में अवैध गैस भरने को लेकर सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो पाया कि एक व्यक्ति ऑटो में अवैध गैस रिफिलिंग कर रहा था। मौके पर 23 गैस सिलेंडर जब्त किए गए। इसमें कुछ खाली और कुछ भरे हुए थे। इसके अलावा अन्य सामान भी जब्त किया गया। बता दें की शहर में अवैध गैस रिफिलिंग को लेकर हुए हादसे के बाद भी अवैध काम बंद नहीं हो रहा है।

रसद विभाग के कार्रवाई करने के दावों के बीच कई जगह अवैध रूप से गैस भरने का काम जारी है। वहीं एसीपी पूर्व देरावर सिंह के सुपरविजन में राजीव नगर ए में अवैध गैस रिफ्लिंग का कारोबार पकड़ कर एक आरोपी पप्पाराम विश्नोई को मौके से गिरफ्तार कर सिलेण्डर्स को जब्त किया गया।

## धमकी देने वाला गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (निसं.)। ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक को धमकाने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने सोपू गैंग के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर ट्रांसपोर्टर को धमकी देकर रंगदारी वसूलने की कोशिश की थी। पुलिस ने मोबाइल भी बरामद कर लिया है। मामला श्रीगंगानगर का है।

चूरू जिले के राजगढ़ के जोगेंद्र पुत्र देवकरण ने मामला दर्ज करवाया था कि उनका बेटा रोहित 9 फरवरी को श्रीगंगानगर गया था। जोगेंद्र की ट्रांसपोर्ट कंपनी का ऑफिस श्रीगंगानगर के बड़ा बाजार में शेखर ट्रांसपोर्ट कंपनी के नाम से है। रोहित यहां ठहरा हुआ था। इस दौरान दो अलग-अलग इंस्टाग्राम आईडी से उसे जान मारने की धमकी दी गई। एक इंस्टाग्राम आईडी सोपू गैंग से जुड़े नाम से भी बनाई गई। घटना श्रीगंगानगर में होने के दौरान घटित होने के चलते एफआईआर श्रीगंगानगर पुलिस को भिजवाई गई। सीओ सिटी अरविंद बेरड़ ने बताया कि मामले में आरोपी ध्रुव सोनी पुत्र कैलाश सोनी को गिरफ्तार किया गया है। वह ट्रांसपोर्ट कंपनी में ही नौकरी करता था। और श्रींगानगर के जवाहर नगर का रहने वाला है। उसे पता था कि मालिक का बड़ा बिजनेस है। ऐसे में उसने उसे धमकाने का प्लान बनाया और इसके लिए फर्जी इंस्टाग्राम आईडी तैयार की।

आरोपी ध्रुव सोनी श्रीगंगानगर की शेखर ट्रांसपोर्ट कंपनी पर नौकरी करता था। पीड़ित रोहित के पिता जोगेंद्र की राजगढ़ स्थित ट्रांसपोर्ट कंपनी जड़िया ट्रांसपोर्ट की शेखर ट्रांसपोर्ट कंपनी से पार्टनरशिप है।

# विद्यार्थी बेहतर ज्ञान अर्जित कर राष्ट्र और समाज के विकास में योगदान दें : राज्यपाल मिश्र

## एस.के.आर.यू. का 19 वां दीक्षांत समारोह आयोजित, 1793 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गई


एस.के.आर.यू. में दीक्षांत समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र ने विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की।

**बीकानेर,** (कासं)। राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा कि दीक्षांत समारोह, विद्यार्थियों के लिए नए जीवन की शुरूआत है। जीवन में सदैव सीखने के लिए तत्पर रहते हुए विद्यार्थी, अपने ज्ञान से समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान दें।

स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के शनिवार को आयोजित हुए 19 वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने यह उद्गार व्यक्त किए। राज्यपाल मिश्र ने कहा कि भारत को खाद्यान्न आपूर्ति में अग्रणी राष्ट्र बनाने में कृषि अनुसंधानों की महती भूमिका रही है। जलवायु परिवर्तन और खाद्यान्न आवश्यकता के अनुरुप कृषि विश्वविद्यालयों में निरंतर अनुसंधान किया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि किसानों तक नवीनतम कृषि अनुसंधानों और कृषि प्रौद्योगिकी का लाभ पहुंचे, इसके लिए विश्वविद्यालयों को और प्रयास करने होंगे। पोषण सुरक्षा से जूझ रहे देशों की मदद के लिए तकनीक हस्तांतरण में भी कृषि विश्वविद्यालयों को अहम भूमिका निभानी होगी।

मिश्र ने कहा कि कृषि प्रधान देश के रूप में भारत में कृषि शिक्षा में नवाचार की बहुत संभावनाएं हैं। नए अनुसंधानों के साथ परंपरागत कृषि को आधुनिक परिपेक्ष्य में विकसित करने से सार्थक परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। मिश्र ने भारतीय कृषि संस्कृति पर बल देते हुए कहा कि किसानों के हितों को प्राथमिकता पर रख कर खेती किसानी का अधिक से अधिक विकास करें। उन्होंने कृषि शिक्षा को शोध और प्रसार के क्षेत्र में समन्वय करते हुए कृषि से जुड़े आर्थिक भविष्य को सुदृढ़ करने की बात कही।

शिक्षकों से अध्ययनशील रहने की अपील करते हुए राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक रूप से किसानों के निकट ले जाएं तथा पारंपरिक खेती, जलवायु संरक्षण के ज्ञान से विद्यार्थियों को जोड़ें। उन्होंने कहा कि किसान देश के विकास की धुरी हैं, सशक्त किसान से ही राष्ट्र सशक्त बन सकता है। विश्वविद्यालय के एकेडमी इंडस्ट्री इंटरफेस, कृषि हाट, किसान सम्मान, किसान चौपाल जैसे नवाचारों की सराहना करते हुए कुलाधिपति मिश्र ने कहा कि केशवानंद विश्वविद्यालय द्वारा किए गए सराहनीय हैं। कृषि शिक्षा से जुड़े विद्यार्थियों को रोजगार के अधिक अवसर मिलें, इस दिशा में और प्रयास किए जाएं।

रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के चांसलर प्रो. पंजाब सिंह ने कहा कि हरित क्रांति और श्वेत क्रांति ने भारत को खाद्यान्न और दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाते हुए में विश्व में पहले स्थान पर पहुंचाया है। वर्तमान में युवाओं को रोजगार के अधिकाधिक अवसर देने के लिए कृषि प्रबंधन में दक्ष युवाओं को तैयार करने की आवश्यकता है। जैविक खेती को बढ़ावा देने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि इससे पर्यावरण सुरक्षा के साथ खेती, पशुपालन में रोजगार के नए विकल्प भी सृजित हो सकेंगे। कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा सिंचाई और जल संरक्षण के लिए भी अनुसंधान करने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

विशिष्ट अतिथि के रूप में असम विश्वविद्यालय, जोरहट के पूर्व कुलपति प्रो. अमरनाथ मुखोपाध्याय ने कहा कि बीकानेर जल संसाधनों की कमी के बावजूद दाल, बाजरा, मूंगफली उत्पादन में विशिष्ट स्थान रखता है। यहां का भुजिया और पापड़ उद्योग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हैं। उन्होंने नई शिक्षा नीति के तहत कृषि शिक्षा में कृषि व्यवसाय और कृषि विपणन के साथ कृषि क्लीनिक पर काम करने की आवश्यकता जताई। इससे पहले राज्यपाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह की शुरुआत की। उन्होंने संविधान की प्रस्तावना एवं मूल कर्तव्यों का वाचन किया। राज्यपाल का पुष्पगुच्छ व श्रीफल भेंट कर, शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। कुलपति डॉ. अरुण प्रकाश ने विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के 19 वें दीक्षांत समारोह में 1 हजार 793 विद्यार्थियों को स्नातक उपाधियां तथा 42 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर उपाधियां प्रदान की गई हैं। इसी प्रकार 22 विद्यार्थियों को विद्या वाचस्पति की उपाधियां प्रदान की गई।

राज्यपाल ने इस दौरान विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित विभिन्न पुस्तकों का विमोचन किया। समारोह में विभिन्न विषयों में सर्वश्रेष्ठ रहने वाले 14 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं एक विद्यार्थी को कुलाधिपति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। प्रो. पंजाब सिंह व प्रो. अमरनाथ मुखोपाध्याय को कृषि क्षेत्र में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टर ऑफ साईन्स उपाधि से नवाजा।

इस दौरान महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनोद कुमार सिंह, बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अंबरीश शरण विद्यार्थी, संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन, पुलिस महानिरीक्षक ओम प्रकाश, जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल, पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम, पूर्व कुलपति प्रो. आर.पी. सिंह सहित विश्वविद्यालय के डीन-डायरेक्टर, विद्यार्थी, स्टाफ सदस्य सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## छोटे भाई पर किया हमला

**हनुमानगढ़,** (निसं.)। सदर थाना क्षेत्र के गांव उत्तमसिंहवाला में एक व्यक्ति ने बेटे के साथ मिलकर अपने छोटे भाई और उसके परिवार के साथ मारपीट कर दी। इससे सरकारी हेडमास्टर पद पर तैनात छोटे भाई, उसकी पत्नी और बेटे के चोटें लगी। तीनों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। छोटे भाई ने सदर पुलिस थाने में बड़े भाई और भतीजे के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।

हेड कॉन्स्टेबल राजेश कुमार ने बताया कि टाउन के राजकीय जिला अस्पताल में भर्ती जसप्रीत सिंह (47) पुत्र चंदसिंह मजहबी निवासी उत्तमसिंहवाला ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह प्रतापगढ़ जिले में सरकारी हेडमास्टर के पद पर तैनात है। जिला अस्पताल में भर्ती उसकी मां को 2-3 दिन पहले छुट्टी मिली थी। वह अपनी मां के इलाज की वजह से गांव आया हुआ था। उसका बड़ा भाई मलकीत सिंह परिवार सहित अलग रहता है। मलकीत सिंह ने मां के बारे में कोई हालचाल नहीं पूछा। गुरुवार को रात करीब 8 बजे जब वे खाना खा रहे थे तो उसका भाई मलकीत सिंह और उसका लड़का गुरप्रीत सिंह दोनों घर के गेट के बाहर आकर हल्ला करने लगे और गेट पर किसी वस्तु से वार किए।

उसने गेट खोला तो मलकीत सिंह और गुरप्रीत सिंह ने उसे मारने का प्रायस किया। तभी उसका लड़का लवप्रीत सिंह (21) और पत्नी मनप्रीत कौर बाहर आए और छुड़ाने लगे। तब मलकीत सिंह और गुरप्रीत सिंह ने उनसे मारपीट की। लवप्रीत के लोहे की रॉड से चोटें मारी। गुरप्रीत के पास देसी कट्टा था, जो उसे और उसके लड़के को दिखाया।